Regarding construction of Khoonti bypass road

श्री काली चरण मुंडा **(खूंटी) :** अध्यक्ष महोदय, मैं झारखण्ड से खूंटी लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ, जहां वीर बिरसा मुंडा की जन्म भूमि और कर्म भूमि है । मेरे लोक सभा क्षेत्र खूंटी बायपास के निर्माण हेतु वर्षों से जनता की मांग है । इससे संबंधित त्वरित कार्रवाई के लिए आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है, ताकि खूंटी की जनता को जाम से राहत मिल सके । खूंटी शहर में चारों तरफ से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से बड़े-बड़े वाहनों का प्रवेश लगातार होता रहता है । जमशेदपुर, राउरकेला, रांची तथा चाईबासा आदि शहरों के भारी वाहन खूंटी की मुख्य सड़क पर प्रवेश करने की वजह से शहर के सड़कों की स्थिति भयावह हो जाती है और आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं । माननीय मंत्री महोदय, खूंटी बायपास के निर्माण हेतु त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है ।